रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

Test Date	06/06/2025
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB NTPC Graduate Level I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : RRB NTPC Graduate Level I

Q.1 एमएस पावरपॉइंट में एक न्यू ब्लैंक प्रेजेंटेशन स्टार्ट करने का सही तरीका निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
✗ 1. Press Ctrl + O
✓ 2. Press Ctrl + N
✗ 3. Click File → Open
✗ 4. Click Insert → New Slide

Q.2 अनुच्छेद 31B को किस प्रकार के कानूनों को अदालती चुनौतियों से बचाने के लिए पेश किया गया था?

Ans
✓ 1. भूमि सुधार कानून
✗ 2. कराधान कानून
✗ 3. पर्यावरणीय कानून
✗ 4. भाषा संबंधी कानून

Q.3 X, Y और Z ने क्रमशः 6 : 59 : 41 के अनुपात में एक धनराशि का निवेश किया। यदि उन्होंने वर्ष के अंत में ₹3,180 का कुल लाभ अर्जित किया, तो Y और Z के हिस्से के बीच कितना अंतर है?

Ans
✗ 1. ₹484
✓ 2. ₹540
✗ 3. ₹634
✗ 4. ₹432

Q.4 विंडोज 10 CMD में कौन-सी कमांड बिना पुष्टि के वर्तमान निर्देशिका में सभी .log फ़ाइलों को डिलीट कर देगी?

Ans
✓ 1. del *.log /q
✗ 2. erase *.log
✗ 3. del *.log
✗ 4. del *.log /p

Q.5 माइक्रोसाफ्ट वर्ड में टेक्स्ट को खोजने और बदलने का कौन सा तरीका सही नहीं है?

Ans
✓ 1. Alt + Enter कुंजी पर क्लिक करें
✗ 2. 'Home' टैब पर जाएँ और 'Replace' चुनें।
✗ 3. Find and Replace विंडो खोलने के लिए Ctrl + H दबाएँ
✗ 4. 'Edit' पर क्लिक करें और फिर 'Find and Replace' चुनें।

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

NKR PMT ROV TQX ?

Ans
1. VSY
2. VRZ
3. VRY
4. VSZ

Q.7 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर DREAM का ZNAWI से एक निश्चित प्रकार से संबंध है। उसी प्रकार, DANCE का ZWJYA से संबंध है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DOUBT का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. ZKPXP
2. ZKQXP
3. ZKVXP
4. ZKKXP

Q.8 प्रेक्षणों 28, 31, 40, 63, 57, 37, 34, 70 और 99 का समान्तर माध्य कितना होगा?

Ans
1. 41
2. 51
3. 50
4. 55

Q.9 उस सबसे बड़े लम्ब वृत्तीय शंकु का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए, जिसे 8 cm किनारे वाले घन से काटा जा सकता है।
π = 22/7 प्रयोग कीजिए।

Ans
1. $127\frac{2}{21}$
2. $134\frac{2}{21}$
3. $138\frac{2}{21}$
4. $136\frac{2}{21}$

Q.10 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

66 ÷ 8 − 231 × 11 + 14 = ?

Ans
1. 515
2. 525
3. 535
4. 545

Q.11 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R के बाएं से गिनने पर R और Q के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। U के दाएं से गिनने पर V और U के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। S, V के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। T, U और Q का निकटतम पड़ोसी है। P के दाएं से गिनने पर T और P के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
1. 3
2. 4
3. 1
4. 2

Q.12 105वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा राज्यों को कौन-सी शक्तियां पुनः प्रदान की गईं?

Ans
✗ 1. GST करारोप की शक्ति
✗ 2. नए राज्य बनाने की शक्ति
✗ 3. चुनाव की तिथियाँ तय करने की शक्ति
✓ 4. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) सहित सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों (SEBCs) का निर्धारण करने की शक्ति

Q.13 निम्नलिखित में से किसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में उदारवादी नेता नहीं माना जाता है?

Ans
✓ 1. अरविंद घोष
✗ 2. फ़िरोज़शाह मेहता
✗ 3. दादाभाई नौरोजी
✗ 4. गोपाल कृष्ण गोखले

Q.14 $\sqrt[6]{729} + \sqrt[4]{65536} + \sqrt[3]{5832} + \sqrt{1764}$ को सरल कीजिए।

Ans
✗ 1. 121
✗ 2. 65
✗ 3. 133
✓ 4. 79

Q.15 कुषाण शासक कनिष्क किस धर्म के संरक्षक थे?

Ans
✗ 1. ईसाई धर्म
✗ 2. जैन धर्म
✓ 3. बौद्ध धर्म
✗ 4. ज़रदुश्त धर्म

Q.16 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. IJ - EF
✓ 2. LD - KH
✗ 3. MN - IJ
✗ 4. OP - KL

Q.17 नीचे संख्याओं के दो सेट दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे भी प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान सेट का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रिया के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
11 - 12 - 13 - 26 ; 19 - 20 - 21 - 42

Ans
✓ 1. 7 - 8 - 9 - 18
✗ 2. 9 - 10 - 11 - 24
✗ 3. 3 - 4 - 5 - 12
✗ 4. 4 - 5 - 6 - 10

Q.18 किस राजवंश के दौरान कुतुलुग ख्वाजा (Quitlug Khwaja) के नेतृत्व में मंगोलों ने दिल्ली की घेराबंदी की और काफी नुकसान पहुंचाया?

Ans
✗ 1. सैय्यद राजवंश
✗ 2. मुगल राजवंश
✗ 3. सूरी राजवंश
✓ 4. खलजी राजवंश

Q.19 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ हिरण, शेर हैं।
कुछ मेंढक, हिरण हैं।
कुछ घोड़े, शेर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कम से कम कुछ शेर, मेंढक हैं।
(II) कुछ हिरण, घोड़े हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.20 ऑपरेशन ब्रह्मा 2025 के तहत भारत द्वारा म्यांमार को किस प्रकार की सहायता प्रदान की जा रही है?

Ans
✗ 1. केवल वित्तीय सहायता
✗ 2. केवल चिकित्सा सहायता
✓ 3. आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल
✗ 4. केवल खाद्य आपूर्ति

Q.21 भारत के पश्चिमी तटीय मैदानों को किस प्रकार के तटीय मैदानों में वर्गीकृत किया गया है?

Ans
✓ 1. अंतर्जलीय तटीय मैदान
✗ 2. ज्वारीय तटीय मैदान
✗ 3. उन्मज्जी (Emergent) तटीय मैदान
✗ 4. डेल्टा तटीय मैदान

Q.22 पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार तथा वनों एवं वन्य जीवों की सुरक्षा को एक निर्देश के रूप में भारत के संविधान में कब जोड़ा गया?

Ans
✓ 1. 1976
✗ 2. 2002
✗ 3. 1978
✗ 4. 2011

Q.23 A और B किसी काम को क्रमशः 25 दिन और 18 दिन में पूरा कर सकते हैं। A अकेले 4 दिन काम करता है और फिर काम छोड़ देता है। शेष काम को पूरा करने के लिए B को _____ दिन लगेंगे।

Ans
✗ 1. $16\frac{3}{25}$
✗ 2. $15\frac{3}{26}$
✓ 3. $15\frac{3}{25}$
✗ 4. $17\frac{4}{26}$

Q.24 मई 2025 में, 78वें कान्स फिल्म महोत्सव (Cannes Film Festival) की मेजबानी किस देश ने की?

Ans
✗ 1. स्पेन
✗ 2. नीदरलैंड
✗ 3. जर्मनी
✓ 4. फ्रांस

Q.25 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

56 – 12 × 4 ÷ 9 + 5 = ?

Ans
1. 54
2. 55
3. 90
4. 78 ✔

Q.26 यदि x और 272 के बीच माध्यानुपात 68 है, तो x का मान कितना होगा है?

Ans
1. 19
2. 15
3. 16
4. 17 ✔

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

VQL TOJ RMH PKF ?

Ans
1. NID ✔
2. DIN
3. DNI
4. NDI

Q.28 भारत-भूटान सीमा मुख्य रूप से निम्न में से किसके द्वारा परिभाषित की जाती है?

Ans
1. बाड़ लगी सीमा
2. मरूस्थल
3. पहाड़ और संधियां ✔
4. व्यापार चौकियां

Q.29 डेजर्ट नेशनल पार्क किस लुप्तप्राय पक्षी प्रजाति के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
1. ग्रेट हॉर्नबिल
2. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ✔
3. बंगाल फ्लोरिकन
4. पीकॉक

Q.30 A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। H के बाईं ओर से गिनने पर H और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और C के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, G के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G के दाईं ओर से गिनने पर D और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो
2. एक ✔
3. चार
4. तीन

Q.31 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M + N ÷ O × P – Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की पत्नी की माता की माता
2. भाई की पत्नी के पिता की बहन
3. भाई की पत्नी के पिता की माता ✔
4. भाई की पत्नी की माता की बहन

Q.32 10 प्रेक्षणों का औसत 40 है। बाद में पता चला कि एक प्रेक्षण को 50 के स्थान पर गलती से 33 पढ़ लिया गया था। सही औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 44.7
2. 40.7
3. 42.7
4. 41.7 ✔

Q.33 वैदिक पाठ की कितनी मान्यता प्राप्त अवस्थाएं हैं?

Ans
1. सात
2. दस
3. नौ
4. ग्यारह ✔

Q.34 इवान बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न हों)?

Ans
1. 12 km, उत्तर
2. 11 km, दक्षिण
3. 9 km, दक्षिण
4. 11 km, उत्तर ✔

Q.35 वित्तीय वर्ष 2024-25 तक भारत में कितने नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है?

Ans
1. 15
2. 10
3. 22 ✔
4. 30

Q.36 RD 14 एक निश्चित तरीके से UF 10 से संबंधित है। उसी तरह CR 10, FT 6 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से ON 1 किससे संबंधित है?

Ans
1. RS −1
2. PR −9
3. QF −7
4. RP −3 ✔

Q.37	ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें BC ∥ AD तथा AC = CD है। यदि ∠ABC = 69° तथा ∠BAC = 23° है, तो ∠ACD का माप (डिग्री में) कितना होगा?	
Ans	✗ 1. 7° ✗ 2. 10° ✓ 3. 4° ✗ 4. 14°	

Q.38	यदि $\tan\theta = \frac{7}{8}$ है, तो $\frac{(1 + \sin\theta)(1 - \sin\theta)}{(1 + \cos\theta)(1 - \cos\theta)(\cot\theta)}$ का मान ज्ञात कीजिए।	
Ans	✓ 1. $\frac{8}{7}$ ✗ 2. $\frac{64}{49}$ ✗ 3. $\frac{49}{64}$ ✗ 4. $\frac{7}{8}$	

Q.39	यदि किसी अज्ञात संख्या के तीन गुने में से 24 घटाया जाए, तो अंतर 258 होता है। अज्ञात संख्या ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 82 ✓ 2. 94 ✗ 3. 70 ✗ 4. 78	

Q.40	एक निश्चित कूट भाषा में, 'MUTE' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EARS' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?	
Ans	✗ 1. 8 ✗ 2. 2 ✓ 3. 5 ✗ 4. 7	

Q.41	नीति (NITI) आयोग ने पहला राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2025 जारी किया। कौन-सा राज्य उच्चतम समग्र स्कोर के साथ सूचकांक में शीर्ष पर रहा, जो मजबूत राजकोषीय प्रबंधन का संकेत देता है?	
Ans	✗ 1. कर्नाटक ✓ 2. ओडिशा ✗ 3. तमिलनाडु ✗ 4. महाराष्ट्र	

Q.42	यदि $x - \frac{1}{x} = 4$ है, तो $x^3 - \frac{1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 259 ✗ 2. 420 ✗ 3. 414 ✓ 4. 76	

Q.43 गोंड चित्रकला में, स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रयुक्त हस्तनिर्मित ब्रश को पारंपरिक रूप से क्या कहा जाता है?

Ans
1. लिखानी
2. कूची
3. कादी
4. कलम

Q.44 पुरुष और महिला वर्ग में, वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार के विजेता कौन थे?

Ans
1. मनप्रीत सिंह और रानी रामपाल
2. हरमनप्रीत सिंह और सविता पुनिया
3. हरमनप्रीत सिंह और वंदना कटारिया
4. पीआर श्रीजेश और नवजोत कौर

Q.45 किसी आंकड़ा समुच्चय का बहुलक और माध्यिका क्रमशः 52.7 और 65 है। आंकड़ा समुच्चय का माध्य क्या है? (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करें, और अपने उत्तर को एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित करें।)

Ans
1. 68.2
2. 71.2
3. 77.8
4. 62.5

Q.46 एक समकोण त्रिभुज की भुजाएँ (cm में) (x − 13), (x − 26) और x हैं। इसका क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1014
2. 1010
3. 1012
4. 999

Q.47 जब 22, 26, 19 और 21 में से प्रत्येक में x जोड़ा जाता है, तो इस क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपात में होती हैं। तो, यदि 2x : y :: y : (4x-8) है, और y > 0 है, तो y का मान कितना होगा?

Ans
1. 46
2. 54
3. 48
4. 37

Q.48 विंडोज़ में रिनेम करते समय फ़ाइल के नाम में निम्नलिखित में से किस कैरेक्टर की अनुमति नहीं है?

Ans
1. # (हैश)
2. ? (प्रश्न-चिह्न)
3. - (हाइफ़न)
4. _ (अंडरस्कोर)

Q.49 यदि न्यायिक समीक्षा के तहत किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर दिया जाए, तो क्या होगा?

Ans
1. इसे पुनर्विचार हेतु संसद में वापस भेज दिया जाएगा।
2. राष्ट्रपति द्वारा इसमें संशोधन किया जाएगा।
3. यह वैध तो होगा लेकिन अप्रवर्तनीय रहेगा।
4. इस निरर्थक घोषित कर डिया जाएगा।

Q.50 WJ 15 एक निश्चित तरीके से UN 11 से संबंधित है। उसी तरह QH 8, OL 4 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से RI 3 किससे संबंधित है?

Ans
1. PM −1 ✔
2. IN −9 ✘
3. TR −5 ✘
4. PL −7 ✘

Q.51 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। D और F के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। D के ऊपर केवल A रखा गया है। C और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। E को B के ठीक ऊपर रखा गया है। G को E के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। E के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 1 ✘
2. 4 ✘
3. 2 ✘
4. 3 ✔

Q.52 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएं) 6 @ 8 £ 5 @ $ 7 & 3 6 & # 9 # 1 * £ 5 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में एक अन्य संख्या भी है?

Ans
1. दो ✘
2. एक ✔
3. तीन ✘
4. चार ✘

Q.53 अक्षय अपनी आय का 40% खर्च करता है। यदि वह ₹24,000 बचाता है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
1. 39,000 ✘
2. 9,600 ✘
3. 40,000 ✔
4. 41,000 ✘

Q.54 पहली 10 अभाज्य संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
1. 15.8 ✘
2. 12.9 ✔
3. 16 ✘
4. 14 ✘

Q.55 एक आयताकार मैदान की भुजाएँ 169 m और लंबाई 154 m है। इसका क्षेत्रफल एक वृत्ताकार मैदान के क्षेत्रफल के बराबर है। वृत्ताकार मैदान की परिधि (m में) क्या है?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
1. 540 ✘
2. 525 ✘
3. 544 ✘
4. 572 ✔

Q.56 फरवरी 2025 में आयोजित अभ्यास साइक्लोन (CYCLONE) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किया गया था।
2. इसमें भाग लेने वाले देश भारत और मिस्र थे।
3. यह अभ्यास संयुक्त बलों के तोप प्रशिक्षण पर केंद्रित था।

Ans
✗ 1. 1, 2 और 3
✓ 2. केवल 1 और 2
✗ 3. केवल 1
✗ 4. केवल 2

Q.57 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे के तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। F एक सम संख्या वाले तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 6 पर नहीं रहता है। D और F जिन तलों पर रहते हैं उनका योगफल 7 है। B, A के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। F और C जिन तलों पर रहते हैं उनका योगफल 3 है। B और F के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. चार
✓ 3. एक
✗ 4. तीन

Q.58 भारत में पवन दिशा के मौसमी परिवर्तन में कौन-सा कारक सबसे प्रमुख भूमिका निभाता है?

Ans
✗ 1. उच्चावच
✓ 2. मानसूनी दाब प्रणाली
✗ 3. महासागरीय धारा
✗ 4. अक्षांश

Q.59 किसी पदार्थ को गर्म करने पर उसके कणों का क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
✓ 1. वे तेज़ गति करते हैं
✗ 2. वे धीमी गति करते हैं
✗ 3. वे गति करना बंद कर देते हैं
✗ 4. वे नष्ट हो जाते हैं

Q.60 निम्नलिखित में से कौन-सा, बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) की गणना में उपयोग किए जाने वाले दस संकेतकों में से एक नहीं है?

Ans
✗ 1. बिजली तक अभिगम्यता (Access to electricity)
✗ 2. पोषण (Nutrition)
✓ 3. इंटरनेट कनेक्टिविटी (Internet connectivity)
✗ 4. स्कूली शिक्षा के वर्ष (Years of schooling)

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-से अक्षर-समूह # और % के स्थान पर आने चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

: MLD :: VAM : %

Ans
✓ 1. # = PQG, % = SVJ
✗ 2. # = SVJ, % = YFP
✗ 3. # = YFP, % = BKS
✗ 4. # = BKS, % = PQG

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में, 'joy lab poet' को 'to dl dh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'poet win union' को 'dl fo kb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'poet' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ 1. dl
✘ 2. to
✘ 3. dh
✘ 4. fo

Q.63 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएं) 4 6 & 8 $ 7 & 3 9 # % 4 6 @ £ 5 Ω 9 # 1 * 7 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक अन्य संख्या है?

Ans
✘ 1. पांच
✘ 2. तीन
✔ 3. छह
✘ 4. चार

Q.64 पित्त उत्पादन में कमी वाले रोगी को __________ के अवशोषण में कमी का सामना करना पड़ता है।

Ans
✘ 1. जल
✔ 2. वसा विलेय विटामिनों
✘ 3. ग्लूकोस
✘ 4. अमीनो अम्लों

Q.65 दिसंबर 2024 में, भारतीय नौसेना दिवस किस थीम के साथ मनाया गया?

Ans
✘ 1. भारत में समुद्री वर्चस्व के लिए नवाचार और आत्मनिर्भरता
✘ 2. सामरिक परिचालन उत्कृष्टता वाले समुद्री संरक्षक
✔ 3. नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से सामर्थ्य और शक्ति
✘ 4. राष्ट्रीय रक्षा के लिए नीला जल और तकनीकी शक्ति

Q.66 संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट सीधे तालिका में दिए गए अनुसार दिए जाने चाहिए।

संख्या/प्रतीक	3	9	7	&	2	@	5	%	1	8	Δ	4	6
कूट	L	C	Z	M	D	W	A	P	R	T	F	B	K

शर्तें:
(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूट को परस्पर बदल दिया जाना चाहिए।
(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
@ 9 7 8 3

Ans
✘ 1. L C T B W
✘ 2. W T C B L
✘ 3. T C B L W
✔ 4. L C Z T W

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. NPK
- ✓ 2. PRV
- ✗ 3. SUP
- ✗ 4. GID

Q.68 यदि ₹17,700 को 2 वर्ष के लिए 4% वार्षिक ब्याज दर पर जमा किया जाता है, तो वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर कितना है?

Ans
- ✗ 1. ₹27.62
- ✗ 2. ₹18.12
- ✓ 3. ₹28.32
- ✗ 4. ₹33.42

Q.69 आर्थिक सर्वेक्षण 2025 के अनुसार 2023-24 में भारत में बेरोजगारी दर कितनी थी?

Ans
- ✗ 1. 5.2%
- ✓ 2. 3.2%
- ✗ 3. 4.5%
- ✗ 4. 6.5%

Q.70 एक बुकशेल्फ़ का अंकित मूल्य ₹3,100 है, जो क्रय मूल्य से 25% अधिक है। इसे अंकित मूल्य पर 12% की छूट पर बेचा जाता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 8%
- ✗ 2. 9%
- ✓ 3. 10%
- ✗ 4. 11%

Q.71 2025 विश्व आर्थिक मंच ने वैश्विक भू-राजनीति और नवाचार में भारत की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए कौन-सी पहल शुरू की?

Ans
- ✗ 1. इंडिया राइजिंग (India Rising)
- ✓ 2. ग्लोबल इंडिया डायलॉग्स (Global India Dialogues)
- ✗ 3. भारत 2030 (Bharat 2030)
- ✗ 4. इंडो-पैसिफिक फोरम (Indo-Pacific Forum)

Q.72 1928 में साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध का मुख्य कारण क्या था?

Ans
- ✓ 1. भारतीय प्रतिनिधित्व की कमी
- ✗ 2. नए कानूनों की शुरूआत
- ✗ 3. अल्पसंख्यकों के विरुद्ध भेदभाव
- ✗ 4. उच्च कर

Q.73 लक्जरी रिसॉर्ट डेवलपर फाइन एसर्स 2025 के अनुसार, भारत में ब्रांडेड आवासों और रिसॉर्ट्स का बाजार ______________ तक ₹8,610 करोड़ (1 बिलियन US$) तक पहुंचने का अनुमान है।

Ans
- ✓ 1. 2027
- ✗ 2. 2029
- ✗ 3. 2026
- ✗ 4. 2028

Q.74 एक आदमी को 21 घंटे में 387 km की दूरी तय करनी है। यदि वह इस दूरी का दो-तिहाई भाग $\frac{5}{7}$ समय में तय करता है, तो शेष दूरी को शेष समय में तय करने के लिए उसकी चाल (km/hr में) कितनी होनी चाहिए?

Ans
1. 15.5
2. 11.5
3. 21.5 ✔
4. 8.6

Q.75 संख्या 8142769 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से चौथा होगा?

Ans
1. 8
2. 2
3. 6 ✔
4. 4

Q.76 यदि किसी बिस्तर का विक्रय मूल्य प्रारंभिक मूल्य का 2 गुना है, तो लाभ प्रारंभिक लाभ का 11 गुना हो जाता है। प्रारंभिक लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $11\frac{1}{9}\%$ ✔
2. $9\frac{2}{11}\%$
3. 11%
4. 9%

Q.77 श्याम बिंदु A से चलना शुरू करता है और 11 km पूर्व दिशा की ओर ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. दक्षिण में 4 km
2. उत्तर में 5 km
3. उत्तर में 4 km
4. दक्षिण में 5 km ✔

Q.78 एक विक्रेता ने ₹1 में 7 नींबू खरीदे। 40% लाभ कमाने के लिए उसे ₹1 में कितने नींबू बेचने होंगे?

Ans
1. 6
2. 9
3. 7
4. 5 ✔

Q.79 दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
215 187 161 137 115 95 ?

Ans
1. 87
2. 77 ✔
3. 81
4. 75

Q.80 एक पाइप टैंक को 21 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 24 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को खाली टैंक में एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
1. 168
2. 84
3. 42 ✔
4. 126

Q.81 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

901 900 897 892 885 ?

Ans
1. 877
2. 873
3. 875
4. 876 ✔

Q.82 निम्नलिखित में से किस अभिनेता को वैश्विक सिनेमा में उनके योगदान के लिए 2025 अंतर्राष्ट्रीय गोया पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
1. सिगोरनी वीवर (Sigourney Weave)
2. केट ब्लैंचेट (Cate Blanchet)
3. जूलियट बिनोचे (Juliette Binoche)
4. रिचर्ड गेरे (Richard Gere) ✔

Q.83 यदि संख्या 1437586 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों के मध्य क्या अंतर होगा?

Ans
1. 1
2. 6 ✔
3. 4
4. 7

Q.84 6893.5 × 603.3 × 0.3019 का मान ______________ के बराबर है।

Ans
1. 6.8935 × 6.033 × 301.9
2. 6.8935 × 60.33 × 30.19
3. 689.35 × 603.3 × 301.9
4. 68.935 × 6033 × 3.019 ✔

Q.85 सचिन का वेतन पहले 16% घटाया गया और बाद में 10% बढ़ा दिया गया। उसका अंतिम वेतन उसके शुरुआती वेतन की तुलना में कितने प्रतिशत कम था?

Ans
1. 16%
2. 10%
3. 7.6% ✔
4. 1.6%

Q.86 जब कोई भारतीय नागरिक अपनी नागरिकता का त्याग करता है तो क्या होता है?

Ans
1. कुछ भी परिवर्तित नहीं होता है।
2. वह विदेशी राजनयिक बन जाता है।
3. वह अपनी भारतीय नागरिकता खो देता है। ✔
4. उस पर जुर्माना लगाया जाता है।

Q.87	2025 आईपीएल सीज़न (15 अप्रैल, 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार) में विराट कोहली ने कौन-सी उपलब्धि हासिल की?	
Ans	✗ 1. आईपीएल में 500 छक्के लगाने की ✓ 2. आईपीएल इतिहास में कुल मिलाकर 1000 चौके और छक्के लगाने की ✗ 3. 5 आईपीएल खिताब जीतने की ✗ 4. आईपीएल में 10,000 रन बनाने की	

Q.88	निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। (बाएं) 3 * 9 & % 4 6 @ 9 # 1 * £ 5 8 $ 7 & 3 Ω (दाएं) ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक संख्या है?	
Ans	✗ 1. तीन ✗ 2. चार ✓ 3. दो ✗ 4. एक	

Q.89	यदि ₹350 की धनराशि 20% वार्षिक ब्याज दर पर 1.5 वर्ष के लिए उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 85 ✓ 2. 105 ✗ 3. 155 ✗ 4. 205	

Q.90	127 - [7 x (1 - 5 + 4)] ÷ 91 को सरल कीजिए।	
Ans	✗ 1. 135 ✗ 2. 118 ✗ 3. 133 ✓ 4. 127	

Q.91	निम्नलिखित में से किस मृदा की जल धारण क्षमता सबसे अधिक है?	
Ans	✗ 1. जलोढ़ मृदा ✓ 2. काली मृदा ✗ 3. मरूस्थलीय मृदा ✗ 4. लाल मृदा	

Q.92	यदि विशाल नाव से धारा की विपरीत दिशा में 48 घंटे में 184 km की दूरी तय करता है और उसे इसी दूरी के लिए धारा की दिशा में 12 घंटे लगते हैं, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 13.66 km/hr ✓ 2. 5.75 km/hr ✗ 3. 14.36 km/hr ✗ 4. 10.64 km/hr	

Q.93	$4m^2 + 6m + 2 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. $-\frac{1}{2}$ और 4 ✓ 2. $-\frac{1}{2}$ और -1 ✗ 3. $\frac{1}{2}$ और 1 ✗ 4. $-\frac{1}{2}$ और -4	

Q.94 मनोज के पास 200 लीटर तेल A और 274 लीटर तेल B है। वह कई समान कंटेनरों को दो प्रकार के तेल से इस तरह भरता है कि प्रत्येक कंटेनर में केवल एक प्रकार का तेल होता है, और सभी कंटेनर पूरी तरह से भरे होते हैं। मनोज द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कंटेनर का आयतन (लीटर में) कितना हो सकता है, ताकि मनोज के पास मौजूद दोनों प्रकार के संपूर्ण तेल को इन कंटेनरों में डाला जा सके?

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 8
✘ 3. 10
✘ 4. 3

Q.95 अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटरचेंज (ASCII) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✘ 1. ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए ग्राफिकल यूजर इंटरफेस डिजाइन करना
✘ 2. टेक्स्ट-बेस्ड एप्लीकेशन के लिए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज बनाना
✔ 3. टेक्स्ट और कंट्रोल कैरेक्टर को प्रदर्शित करने के लिए कोड का एक मानकीकृत सेट परिभाषित करना
✘ 4. इंटरनेट ट्रांसमिशन के लिए डेटा का सुरक्षित एन्क्रिप्शन सक्षम करना

Q.96 p-ब्लॉक तत्वों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
✘ 1. इनमें अधातुएँ और उत्कृष्ट गैसें शामिल हैं।
✘ 2. वे समूह 13 से 18 तक के हैं।
✘ 3. उनका सबसे बाहरी विन्यास ns^2np^1 से ns^2np^6 तक भिन्न होता है।
✔ 4. इन्हें संक्रमण तत्व भी कहा जाता है।

Q.97 भारत में प्रिवी पर्स (privy purses) आधिकारिक तौर पर कब समाप्त कर दिया गया?

Ans
✘ 1. 1980
✔ 2. 1971
✘ 3. 1969
✘ 4. 1956

Q.98 संस्थापित क्षमता के संदर्भ में वर्ष 2030 तक भारत का नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य कितना है?

Ans
✘ 1. 300 GW
✘ 2. 100 GW
✔ 3. 500 GW
✘ 4. 175 GW

Q.99 M, N, O, P, Q, R और S में से प्रत्येक की परीक्षा सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है, जो सोमवार से शुरू होती है और उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होती है। S की परीक्षा शुक्रवार को होती है। S और R के बीच केवल दो लोगों की परीक्षा होती है। O की परीक्षा N से ठीक पहले दिन होती है। M की परीक्षा P के ठीक दूसरे दिन होती है। S की परीक्षा M के बाद किसी दिन होती है। Q की परीक्षा किस दिन होती है?

Ans
✔ 1. सोमवार
✘ 2. रविवार
✘ 3. शुक्रवार
✘ 4. बुधवार

Q.100 मार्च 2025 में, पंजाब में किस वन्यजीव अभयारण्य को इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तेंदुआ सफारी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव किया गया था?

Ans
✘ 1. बीर मोती बाग वन्यजीव अभयारण्य
✘ 2. हरिके वन्यजीव अभयारण्य
✘ 3. अबोहर वन्यजीव अभयारण्य
✔ 4. झज्जर-बचौली वन्यजीव अभयारण्य